# कार्यालय
# सामान्य वनमण्डल सीहोर (म०प्र०)

सीहोर-इछावर मार्ग, सीहोर (म.प्र.)466001 Mob-9424790850 E-mail :- dfot.seh@mp.gov.in

क्रमांक/मानचित्रकार/2024/ 574 सीहोर दिनांक 01./.03/2024

प्रति,

वनसंरक्षक,
भोपाल वृत्त भोपाल।

**विषयः-** सीहोर जिले के परिक्षेत्र रेहटी अंतर्गत प्रस्तावित महादेव बेन्द्रा तालाब निर्माण में प्रभावित वनभूमि 23.000 हेक्टेयर वनभूमि कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग सीहोर को उपयोग पर देने संबंध में।

**संदर्भः-**1. कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग जिला सीहोर के पत्र क्रं/2443/2023 दि. 31.07.2023 एवं ऑनलाईन प्रस्ताव क्रमांक/FP/MP/RIG/152697/2022

2. अपर कलेक्टर जिला सीहोर का प्र.क्रं/0070/अ-19(3)/2017-18 दि. 14.12.2020

--00--

विषयांकित संदर्भ में लेख है कि प्रकरण में कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग जिला सीहोर द्वारा वनमण्डल सीहोर के परिक्षेत्र रेहटी में महादेव बेन्द्रा तालाब निर्माण हेतु 36.031 हेक्टेयर वनभूमि व्यपवर्तन बावत् आवेदन किया गया एवं हार्ड कापी इस कार्यालय को प्रेषित की गई है।

प्रकरण में वनपरिक्षेत्राधिकारी रेहटी द्वारा संयुक्त जांच कर जांच प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्रेषित किया गया जिसके अनुसार प्रस्तावित महादेव बेन्द्रा तालाब निर्माण वनपरिक्षेत्र रेहटी के कक्ष क्रमांक-488 में 17.713 हेक्टेयर एवं असीमांकित क्षेत्र 19.317 हेक्टेयर कुल 37.030 हेक्टेयर वनक्षेत्र प्रभावित होना है। जिसमें कुल सागौन एवं सतकट प्रजाति के 3529 वृक्ष प्रभावित होने है।

प्रकरण में प्रभावित वनभूमि के बदले अपर कलेक्टर जिला सीहोर के संदर्भित पत्र से तहसील आष्टा के ग्राम मिर्जापुर खसरा क्रमांक-1/1/1क, 14/1, 14/2, 271/1 कुल रकबा 48.792 हेक्टेयर गैर-वनभूमि हस्तांतरित की गई है। जिसमें वनपरिक्षेत्राधिकारी आष्टा के पत्र क्रमांक/122 दि. 15.01.2023 से वर्ष 2025-26 से 2033-34 तक कुल राशि 1,53,59,698/- की 11 वर्षीय वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना तैयार कर आपकी ओर कार्यालयीन पत्र क्रमांक/मानचित्राकार/2024/247 दि. 29.01.2024 से तकनीकी स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है। प्रकरण में प्रस्ताव की ऑनलाईन भाग-2 की पूर्ति कर आपकी ओर प्रेषित किया गया जिसकी हार्डकापी अग्रिम कार्यवाही हेतु आपकी ओर सादर प्रेषित।

**संलग्नः-** उपरोक्तानुसार।

एम.एस.डावर भा.व.से.
वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल सीहोर

पृ.क्रमांक/मानचित्रकार/2024/ 575 सीहोर, दिनांक 1.../03./2024

**प्रतिलिपिः-**

1. अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (भू-प्रबंध) सतपुड़ा भवन भोपाल की सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. कलेक्टर, जिला सीहोर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग सीहोर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल सीहोर